Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Prevailing Situation in Indo-China Border

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, मैं एक छोटा-सा मुद्दा उठाना चाहता हूं। मैं सरकार से यह मांग भी करूंगा कि सरकार इस विषय पर एक श्वेत-पत्र सदन में पेश करे।

अगर आज का 'इंडियन एक्सप्रेस' देखें तो उसके मेन पेज पर यह लिखा है कि एम्स में जो साइबर अटैक हुआ था, वह चीन से हुआ था। इस पेपर में यह भी लिखा गया है कि जब हमारी सीमाओं पर झड़पें होती हैं, जब हमारे ऊपर चीन हमलावर होता है, तब आज की हिन्दुस्तान सरकार ने उसे लाल आँख दिखाने के बदले चीन से आयात को बढ़ा दिया है।... (व्यवधान)

इसे देखते हुए हमें लगता है कि इस सरकार की मंशा क्या है।... (व्यवधान) अमेरिका के साथ जो हमारा ट्रेड है, उसमें गिरावट आती है, लेकिन चीन के साथ जो हमारा ट्रेड है, उसमें चीन को ज्यादा फायदा होता है।... (व्यवधान) जब चीन की सरकार हम पर हमला कर रही है, हिन्दुस्तान को तबाह करने की कोशिश कर रही है, तब चीन की मदद करने की क्या जरूरत है, यह मैं सरकार से पूछना चाहता हूं।... (व्यवधान) उसे लाल आँख कब दिखाएंगे?... (व्यवधान) चीन के खिलाफ लाल आँख दिखाइए।... (व्यवधान)

श्री सुदीप बन्दोपाध्याय (कोलकाता उत्तर): सर, इस पर चर्चा होने दीजिए।... (व्यवधान)

माननीय सभापति : इस पर नोटिस दीजिए। आप जानते हैं कि चर्चा करने का क्या तरीका है? चर्चा के लिए अनुरोध कीजिए। Let it be decided in BAC. आप तो जानते ही हैं।

... (व्यवधान)